CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हिन्दी मराठी शिक्षक

ओंकार-ग्रन्थालय,
भदैनी, काशी
वाराणसी-1

-ग्रन्थालय
दी, वाराणसी-५
1/75

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizaqtion by eGangotri

त1/75 देवराज विद्यावाचस्पति
२८-८-१९३५

हिन्दी-मराठी-शिक्षक

आम्नाय-ग्रन्थालय,
... करौली

(हिन्दी की सहायता से मराठी सिखाने वाली पुस्तक)

लेखक—

शङ्कर रघुनाथ मल्कापुरकर
शिव नारायण मिश्र

प्रकाशक—

वैद्य शिवनारायण मिश्र, भिषग्रत्न
प्रकाश पुस्तकालय
कानपुर

प्रथम संस्करण]   [मूल्य सवा रुपया

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

वैद्य शिवनारायण मिश्र भिषग्रत्न द्वारा
प्रकाश आयुर्वेदीय प्रिंटिंग प्रेस
कानपुर में
मुद्रित
४—१९३३—१

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आम्नाय-ग्रन्थालय,
भरतनिधि, करौंदी
वाराणसी-5

दो शब्द

सन् ३१ के शुरू में सत्याग्रह आन्दोलन में बन्दी रूप में मेरा तबादला कानपुर से झांसी जेल को हो गया था। वहां मेरे साथियों में झांसी के नेता और बाद को मेरे मित्र श्रीयुत आत्माराम गोविन्द खेर भी थे। मैंने उनसे मराठी पढ़ने की इच्छा प्रकट की। खेर साहब ने इस सम्बन्ध में मेरा परिचय झांसीनिवासी श्रीयुत शंकर रघुनाथ मल्कापुरकर से करा दिया। इनके बड़े भाई प्रसिद्ध मनमाड़ बमकांड में लम्बी सजा भुगत रहे हैं। शंकरराव जी भी उस कांड में पकड़े गये थे मगर बाद को छोड़ दिये गये थे। इस समय ये भी झांसी जेल में हम लोगों के साथ ही सजा काट रहे थे। मैंने जोश-मूर्ति नवयुवक शंकरराव से मराठी पढ़ने की इजाज़त जेलर से प्राप्त करली। लगभग तीन महीने में मैंने मराठी के दो व्याकरण और कितनी ही पुस्तकें पढ़ डालीं। पढ़ाने के समय शंकरराव जी अपने शिष्य, मेरे लिए जो नोट्स लिखते जाते थे यह पुस्तक उन्हीं का बढ़ा और सुधरा हुआ रूप है। जेल से छूटने के कुछ महीनों के बाद कुछ दिनों के लिए मजबूर होकर मुझे अपने गांव पड़री (जिला-उन्नाव) में रहना पड़ा। वहीं मैंने इस पुस्तक को शुरू से अन्त तक घटा बढ़ाकर फिर से

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

लिख डाला। लिखते समय मैंने इसका बराबर ध्यान रखा है कि पुस्तक जहां तक सम्भव हो सर्वांगपूर्ण हो, ऐसे ढंग से लिखी जाय कि प्रत्येक हिन्दी पढ़ा-लिखा व्यक्ति इसके द्वारा सरल से सरल ढंग से मराठी भाषा का ज्ञान प्राप्त कर सके। पुस्तक में, जहां तक संभव हुआ है, उच्चारण बतलाने का ध्यान रखा गया है, मगर कुछ उच्चारण ऐसे हैं जिन्हें पाठक किसी मराठी-भाषा-भाषी से ही एक दो दिन में सीख सकते हैं।

अन्त में मैं फिर श्रीयुत शंकर राव जी के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता अर्पण करता हूं।

रामनवमी १९९०]

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

१- संबोधनकारकशब्दः । पृ: १६
२- मात्रिती-स्थान १४६ ।
३- रा: पृ: २,
४- संबंधवाचकशब्द- पृ- ६६
५- जाएगी=जावेगा १३२।

विषय-सूची

विषय | पृष्ठ

प्रथम प्रकरण ।

स्वर वर्ण	१
व्यंजन वर्ण	२
उच्चारण	२
बाराखड्या=बाराखड़ी	४
मात्रायें	५

द्वितीय प्रकरण ।

(व्याकरण)

संधि विचार	७
शब्द विचार	८
नाम (संज्ञा) विचार	१२

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

लिंग विचार १५
वचन विचार १७
विभक्ति विचार २१
विभक्तियों के अर्थ का बोध कराने वाले अव्यय ... २३
सर्वनाम विचार २६
विशेषण विचार ३७
क्रियापद विचार ३९
काळविचार (कालविचार) ४४
पुरुष, लिंग और वचन से वर्तमान काल में क्रियापद के रूप ४६
अस धातु-करण रूप, स्वार्थ.
कर्तरिप्रयोग, वर्तमानकाल ४८
भूतकाल ५०
भविष्यकाल ५१
नस धातु-करणरूप-स्वार्थ.
कर्तरिप्रयोग, वर्तमानकाल ५२
भूतकाल ५४
भविष्यकाल ५५
हो धातु-करणरूप-स्वार्थ.
कर्तरिप्रयोग, वर्तमानकाल ५६
भूतकाल ५७
भविष्यकाल ५८
कर धातु-करणरूप-मूलरूप भेद, स्वार्थ.
कर्तरिप्रयोग, वतमानकाल ५९
कर्मणिप्रयोग, भूतकाल ५९

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कर्तरिप्रयोग ६०

रीतिभूतकाल ६०

भविष्यकाल ६१

आज्ञार्थ. कर्तरिप्रयोग ६१

विध्यर्थ. कर्मणिप्रयोग ६२

कर्तरिप्रयोग ६२

संकेतार्थ. कर्तरिप्रयोग ६२

कर्मणिप्रयोग, संशयार्थ
कर्मणिप्रयोग, कर्तरिप्रयोग } ... ६३

कर धातु-करण रूप-प्रयोजक भेद.

स्वार्थ. कर्तरिप्रयोग, कर्मणिप्रयोग, कर्तरिप्रयोग ६४

आज्ञार्थ. कर्तरिप्रयोग ६५

विध्यर्थ. कर्मणिप्रयोग, कर्तरिप्रयोग ... ६६

संकेतार्थ. कर्तरिप्रयोग, कर्मणिप्रयोग ... ६६

संशयार्थ. कर्तरिप्रयोग, कर्मणिप्रयोग ... ६७

कर धातु-करणरूप-शक्यभेद.

स्वार्थ. कर्तरिप्रयोग ६८

आज्ञार्थ. संकेतार्थ, संशयार्थ... ... ६९

रीतिभूतकाल, अर्थ.

आज्ञार्थ, विध्यर्थ ७२

संकेतार्थ ७३

सिद्धक्रियापद ७४

कर्मकर्तरिप्रयोग ७५

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

धातुसाधित, मूलरूप भेद.

संज्ञायें और विशेषण ७५

अव्यय ७६

प्रयोजक संज्ञायें.

संज्ञायें और विशेषण ७६

अव्यय ७७

वाक्यभेद.

संज्ञायें और विशेषण ७७

अव्यय ७८

धातुओं के भूतकाल के

कुछ अनियमित रूप ७८

संयुक्तक्रियापद, क्रियाविशेषण अव्यय ... ७९

धातुसाधित क्रियाविशेषण ८०

अनुकरणवाचक क्रियाविशेषण ... ८१

स्थलवाचक, कालवाचक ८२

संख्यावाचक, क्रमवाचक, निश्चयार्थक अव्यय ८३

उभयान्वयी अव्यय ८३

शब्दयोगी अव्यय ८४

केवलप्रयोगी, संबंधिनी अव्यय ... ८६

साधित शब्दविचार.

शब्दसाधित ८६

धातुसाधित ८८

सामासिक शब्दविचार

द्वन्द्व ८९

तत्पुरुष ९०

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

बहुव्रीहि, द्विगु ९१
मध्यमपदलोपी, अव्ययीभाव ... ९२

कारक विचार.

कर्ता, कर्म, करण कारक ९३
सम्प्रदान कारक ९४
अपादान कारक ९५
सम्बन्ध कारक ९६
अधिकरण कारक ९७

त्रितीय प्रकरण

शब्द संज्ञा.

कुटुम्ब-परिवार ९९
घर-गृहस्थी १०२
कपड़े-लत्ते १०४
बर्तन-भांड़े १०५
फलफूल और शाकभाजी १०७
शरीर सम्बन्धी १०८
पशु-पत्ती ११०
कीट-पतंग ११२
पेड़-पौधे ११३
खाद्य-पदार्थ ११४
मसाले और दवादारू ११७
खेतीबारी गांवगंवकरी ११९
जातबिरादरी या पेशेवाले १२२

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

समय और त्योहार १२३
प्रकृति और संसार १२५
धातु, सिक्के और गहने १२७
रोग १२८

चतुर्थ प्रकरण।

क्रिया १३०
क्रिया-विशेषण १३२
अव्यय १३३
विशेषण १३४
कर्ता, कर्म और सम्बन्ध १३८

पञ्चम प्रकरण।

प्रकीर्ण-शब्दावली १४१

षष्ठ-प्रकरण।

संख्याविवेचन १५८

सप्तम प्रकरण।

वाक्य और वाक्यांश १६२

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अष्टम प्रकरण ।

मराठी-कहावतें १८५

नवम प्रकरण ।

मराठी कविता के कुछ नियम १९०
संज्ञायें १९२
सर्वनाम १९३
क्रियापद १९३
अव्यय १९४
प्राचीन मराठी के कुछ उदाहरण.
आर्या छन्द १९५
तुकारामजी चे अभंग.
प्राचीन मराठी १९६
रामदासस्वामीचे भुजंगप्रयात छंद.
प्राचीन मराठी १९७
नव्य मराठी, आई.
अंजनी गीत १९९
बहिर्जी नाईक.
भुजंगप्रयात छंद २०१
कृष्णाची वन-क्रीड़ा.
भुजंगप्रयात छंद २०४

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हिन्दी
मराठी-शिक्षक

प्रथम-प्रकरण

स्वर वर्ण

अ	आ	इ	ई	उ	ऊ	ऋ	ॠ
ऌ	ॡ	ए	ऐ	ओ	औ	अं	अः

ये सब स्वर हैं। परन्तु मराठी में कहीं कहीं स्वर अं और अः को छोड़ कर बाकी चौदह ही स्वर माने जाते हैं।

ऋ ॠ और ऌ ॡ का प्रयोग विशुद्ध मराठी में नहीं होता।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

व्यंजन वर्ण

क ख ग घ ङ. च छ ज झ ञ.
ट ठ ड ढ ण. त थ द ध न.
प फ ब भ म. य र ल व श
ष स ह ळ क्ष त्र ज्ञ.

ये व्यंजन वर्ण हैं। इन में हिन्दी अक्षरों की अपेक्षा एक अक्षर (ळ) अधिक है। (त्र) इस अक्षर को मराठी लिपि में नहीं लिखते मगर संस्कृत शब्दों के प्रयोग में कहीं कहीं लाते हैं।

नीचे कुछ अक्षर जो कोष्टक में हैं जैसे—

(झ)=झ, (ण)=ण, (ल)=ल (क्ष)=क्ष, इन्हें तथा ऊपर लिखे हुए अ आ इत्यादि अक्षरों को इसी रूप में लिखना चाहिए।

मराठी में क् से लेकर ळ् तक ३४ व्यंजन माने जाते हैं। क्ष, त्र और ज्ञ ये संयुक्त अक्षर हैं।

उच्चारण

(ळ) इस अक्षर का उच्चारण ल और ड़ इन दो अक्षरों के बीच का जो उच्चारण होता है, वह है। इसका शुद्ध उच्चारण किसी मराठी-भाषा-भाषी से सीख लेना चाहिए।

(प) इस अक्षर का उच्चारण मराठी में कभी भी (ल) जैसा न करना चाहिए।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

च, झ, ज, ड, इन अक्षरों का उच्चारण मराठी में अक्सर च, झ़, ज़, ड़ जैसा होता है।

संयुक्त अक्षरों का रूप और उच्चारण हिन्दी की ही तरह होता है।

अनुस्वार का उच्चारण

अनुस्वार का उच्चारण कई प्रकार से होता है। संस्कृत के हिसाब से अनुस्वार के आगे पांचों वर्गों के अक्षरों में से जो आता है वैसा ही उच्चारण होता है; जैसे—गंगा, प्रपंच, पांडव, बंधन, बिंब इत्यादि का उच्चारण 'गङ्गा' 'पाण्डव' 'बन्धन' 'प्रपञ्च' 'बिम्ब' आदि होगा।

अनुस्वार के आगे अगर र, व, श, ष, स, ह, ये अक्षर हों तो अनुस्वार का उच्चारण व की तरह होता है; जैसे—संसार, संहार, संशय इत्यादि का उच्चारण 'संव्सार' 'संव्हार' 'संव्शय' की तरह होता है।

अनुस्वार के आगे अगर य और ल आवे तो उच्चारण 'य' अथवा 'ल' जैसा ही होगा। जैसे—संयुक्त का उच्चारण 'संय्युक्त' तथा संलग्न का उच्चारण 'संल्लग्न' होगा।

जिस मराठी शब्द का अन्त्य स्वर दीर्घ होता है, उसके ऊपर यदि अनुस्वार हो तो उसका उच्चारण अर्धचन्द्र जैसा होता है; जैसे कां, तूं, तें, जों, तळें, का उच्चारण 'काँ, तूँ, तेँ, जोँ तळेँ' होगा।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

बाराखड्या=बाराखड़ी

क का कि की कु कू कृ कॄ
क्लृ क्लॄ के कै को कौ कं कः

इसी तरह सब अक्षरों की बाराखड़ी होती हैं। बाराखड़ी में ऋ ॠ ऌ ॡ इन स्वरों को व्यंजन से मिला कर दिखाने की रीति नहीं है : अतः इन्हें छोड़ कर इस का नाम बाराखड़ी पड़ा है।

मात्रायें

मराठी में मात्रायें हिन्दी की ही तरह होती हैं; जैसे—

(अकार)

(मराठी)—	अट	बघ	अढळ	निवळ	चपळ
(हिन्दी)—	शर्त	देख	नढलनेवाला	खालिस	चपल

(आकार=ा)

मुलगा	कुत्रा	आमचा*	कोल्हा	चुलता†	चिमणा
लड़का	कुत्ता	हमारा	लोमड़ा	चाचा	चिड़िया (नर)

उच्चारण—*आमचा, †चुलता।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

(इकार = ि)

दिवस	तिखट	विडा⁂	किडा§	चिमणी.
दिन	चरपरा, तीखा	पान का बीड़ा	कीड़ा	चिड़िया

(ईकार = ी)

माती	लोणी	मिळवणी	गोडी¶	पेटी	कोणी.
मिट्टी	नेनू (मक्खन)	मिलाई	मिठास	संदूक	किसने

(उकार = ु)

तरु	पुन्हा	तुझ्या£	पुष्कळ	मुसळ	तुकडा*.
पेड़	फिर	तेरे	ज्यादा	मूसल	टुकड़ा

(ऊकार = ू)

वाळू	भाऊ	मऊ	दयाळू	कृपाळू	मूल.
बालू	भाई	मुलायम	दयालु	कृपालु	बच्चा

(ऋकार = ृ)

कृषि	कृतज्ञ	मृत	मृगया.
खेती	कृतज्ञ	मरा	शिकार

(एकार = े)

रेडा+	शेळी	मुलगे	मेहुणी	आले.
भैंसा	बकरी	लड़के	साली	आये

उच्चारण—⁂विड़ा, §किड़ा, ¶गोड़ी, £तुझ़्या, *तुकड़ा, +रेड़ा।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

(ऐकार = ै)

म्हैस	धैर्य	ऐकणारा	बैसला	सैंपाक.
भैंस	धीरज	सुनने वाला	बैठा	रसोई

(ओकार = ो)

कोळसा	गोष्ट	थोरपणा	होता	खोड.*
कोयला	बात	बड़प्पन	था	तना

(औकार = ौ)

औत	कौतुक	चौघांत§	गौरवर्ण	कौरव.
हल	कौतुक	चारों ओर	गोरा	कौरव

(अनुस्वार = ं)

जातांना¶	आतां	रुंदी	सुमारें	अंधार.
जाते हुए	अब	चौड़ाई	करीबन	अँधेरा

(विसर्ग = :)

दुःख	दुःशासन	दुःसह	निःशेष.
दुःख	दुःशासन	दुःसह	निःशेष

विशुद्ध मराठी में विसर्ग का प्रयोग नहीं होता। तथापि छिः, थुः, अंहः आदि केवलप्रयोगी अर्थात् उद्गारवाची अव्ययों के उच्चारणों में तथा संस्कृत से आये शब्दों में विसर्ग लगता है।

उच्चारण—*खोड़, §चौघाँत, ¶जाताँना, आताँ, रुँदी, इत्यादि

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

द्वितीय प्रकरण

व्याकरण

संधिविचार

दो वर्ण जहां एक में मिलते हैं वहां उस वर्ण की संधि कहते हैं। जैसे—वस्त्रान्न इस शब्द में वस्त्र का अन्तिम वर्ण अ और अन्न शब्द का पहिला वर्ण अ मिलकर आ हुआ। इस में आ यह संधि हुई; जैसे—

राम + आश्रय = रामाश्रय

गंगा + अर्पण = गंगार्पण

राजा + आज्ञा = राजाज्ञा

हरि + इच्छा = हरीच्छा

भानु + उदय = भानूदय

जहां दो स्वर साधित होते हैं (मिलते हैं) उसे 'स्वरसंधि' कहते हैं। जहां दो व्यंजन मिलते हैं उसे 'व्यंजनसंधि' कहते हैं।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

संधि संस्कृत शब्दों में ही होती है; खालिस मराठी शब्दों में नहीं होती। तथापि मराठी भाषा में संधि हुए संस्कृत शब्द बहुत आते हैं इस लिये संधि के कुछ नियम नीचे दिये जाते हैं।

(१) एक जातीय स्वर अगर पीछे और आगे हों तो उनकी संधि उन्हीं के दीर्घस्वर में होती है। अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ॠ, ये एक जातीय स्वर हैं।

(२) एक जातीय स्वर न हों तो उनकी संधि इस तरह होती है; जैसे—

अ+इ=ए	मुख+इंदु=मुखेंदु.
अ+ई=ए	सुर+ईश्वर=सुरेश्वर.
आ+ई=ए	महा+ईश्वर=महेश्वर.
अ+उ=ओ	शीत+उष्ण=शीतोष्ण.
आ+उ=ओ	गंगा+उदक=गंगोदक.
अ+ए=ऐ	एक+एक=एकैक.
आ+ओ=औ	गंगा+ओघ=गंगौघ.
अ+ओ=औ	भव+औषध=भवौषध. इत्यादि

शब्दविचार

एक या अधिक अक्षरों से यदि कुछ अर्थ उत्पन्न हो तो उसे शब्द कहते हैं।

शब्द दो प्रकार के होते हैं—एक सिद्ध और दूसरे साधित।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सिद्ध

जो शब्द दूसरे शब्दों से न निकला हो वह सिद्ध शब्द कहलाता है; जैसे—

लांकुड*	धोंडा	तोंड
लकड़ी	पत्थर	मुख

साधित

जो शब्द दूसरे शब्दों से निकलते हैं या सधते हैं उन्हें साधित कहते हैं; जैसे—

लांकडी†	धोंडफोड्या
लकड़ी का	पत्थर-फोड़

साधित शब्दों का 'सामासिक' नाम से एक और भेद होता है। दो अथवा अधिक शब्दों का समास होकर कोई विशेष अर्थ प्रकट करे ऐसे शब्द को 'सामासिक' कहते हैं; जैसे—

आईबाप	वहीणभाऊ	विटीदांडू	साखरभात
मां-बाप	बहेन-भाई	अटई-डंडा	शक्कर-भात

इसके सिवा शब्द के दो भेद और होते हैं; एक सविभक्तिक दूसरा अविभक्तिक या अव्यय।

सविभक्तिक

जिस शब्द में विभक्ति लगती है उसे सविभक्तिक शब्द कहते हैं; जैसे—

उच्चारण—*लाँकुड, †लाँकड़ी।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

रामा	घर	मीं	तूं	जाणें	येणें
राम	घर	मैं	तू	जाना	आना

अविभक्तिक अथवा अव्यय

जिसमें विभक्ति नहीं लगती उसे अविभक्तिक अथवा अव्यय कहते हैं; जैसे—

आणि	जर*	खालीं	वर
और	अगर	नीचे	ऊपर

मराठी भाषा में शब्द आठ जाति के होते हैं। उनमें सविभक्तिक चार—१. नाम अर्थात् संज्ञा, २. सर्वनाम, ३. विशेषण, ४. क्रियापद अर्थात् क्रिया, और अविभक्तिक (अव्यय) चार—१. क्रिया-विशेषण, २. उभयान्वयी, ३. शब्दयोगी और ४. केवलप्रयोगी; ये आठ जातियाँ हैं।

नाम (संज्ञा)

नाम अर्थात् संज्ञा उसे कहते हैं जिससे पदार्थ का नाम मालूम होता है; जैसे—

माणूस	लेखणी	राग
मनुष्य	कलम	गुस्सा

सर्वनाम

संज्ञा का उच्चारण बारंबार न हो इसलिए नाम की जगह जो शब्द आता है उसे सर्वनाम कहते हैं; जैसे—

उच्चारण—*ज़र।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मी	तूं	हा	जो*	असा	कोण
मैं	**तू**	**यह**	**जो**	**ऐसा**	**कौन**

विशेषण

जो शब्द संज्ञा का गुण बतलावे उसे विशेषण कहते हैं; जैसे—

बरा	वाईट	काळा	गोरा	§लांगडा	शहाणा
अच्छा	**बुरा**	**काला**	**गोरा**	**लँगड़ा**	**होशियार**

क्रियापद

जिस शब्द से किसी भी क्रिया अथवा स्थिति का ज्ञान हो उसे क्रियापद कहते हैं; जैसे—

निजणें*	करणें	बोलणें	चालणें+	असणें
सोना	**करना**	**बोलना**	**चलना**	**होना**

क्रियाविशेषण

जिस शब्द से क्रिया के गुण अथवा प्रकार का ज्ञान होता है उसे क्रियाविशेषण कहते हैं; जैसे—

हळू	झटकन‡	लौकर	फडफड£
धीरे	**झपाटे से**	**जल्दी**	**फटाफट**

उभयान्वयी

जिस शब्द से दो शब्द या दो वाक्य मिलाये जावें वह उभयान्वयी शब्द कहलाता है; जैसे—

उच्चारण—*ज़ो, §लाँगड़ा, *निज़णें, +चालणें, ‡झ़टकन, £फड़फड़.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आणि	व	जर‡	तर	परंतु
और	अथवा	अगर	तो	परन्तु

शब्दयोगी

जिस शब्द का दूसरे किसी भी शब्द से योग होकर उसके कारण दूसरे शब्द का जो सामान्यरूप होता है वह शब्दयोगी कहलाता है; जैसे—

वर	खालीं	कडे*	मध्यें	पुढें+	मागें	समोर
ऊपर	नीचे	तरफ	बीचमें	आगे	पीछे	सामने

इस में "शुद्धशब्दयोगी" नाम का एक और उपभेद होता है। उसके योग से सामान्यरूप नहीं होता।

केवलप्रयोगी

जिस शब्द से मन के उद्गार का ज्ञान होता है वह शब्द केवलप्रयोगी कहलाता है; जैसे—

अहाहा, छिः, वाहवा, अंः, अबब (अरेरेरे), इत्यादि

नाम (संज्ञा) विचार

संज्ञा माने पदार्थ का नाम; जैसे—मनुष्य (मनुष्य), पोथी (पुस्तक), लेखणी (कलम), राग (क्रोध), मन (मन), इत्यादि।

उच्चारण—‡ज़र, *कड़े, +पुढ़ें।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

नाम (संज्ञा) के तीन भेद होते हैं; जैसे—
सामान्यसंज्ञा (जातिवाचक) विशेषणसंज्ञा (व्यक्तिवाचक) और भाववाचकसंज्ञा.

सामान्यसंज्ञा

जिस शब्द से जाति का ज्ञान हो, उसे सामान्यसंज्ञा कहते हैं; जैसे—

झाड*	जनावर ÷	घर	मनुष्य,
पेड़	**जानवर**	**मकान**	**आदमी**

विशेषणसंज्ञा

जिस शब्द से व्यक्तित्व का ज्ञान हो, उसे विशेषणसंज्ञा कहते हैं; जैसे—

गोविन्दा	रामा	काशी
गोविन्द	**राम**	**काशी**

भाववाचकसंज्ञा

जिस शब्द से पदार्थ का भाव अथवा धर्म जाना जावे उसे भाववाचकसंज्ञा कहते हैं; जैसे—

मनुष्यपण	देवपण	नीचपण	गुलामगिरी	भलाई
मनुष्यत्व	**देवत्व**	**नीचत्व**	**गुलामी**	**भलाई**

उच्चारण—*झाड़, ÷ ज़नावर.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

लिंगविचार

लिंग तीन प्रकार के होते हैं—१. पुल्लिंग, २. स्त्रीलिंग, और ३. नपुंसकलिंग ।

पुल्लिंग

जिस नाम से पुरुषजाति का बोध हो, या जिस संज्ञा के पहिले (तो) यह सर्वनाम लग सके उस संज्ञा को पुल्लिंग समझना चाहिए; जैसे—

तो पुरुष	घोडा*	बैल	आंबा	पेरू	खांब.
वह पुरुष	घोड़ा	बैल	आम	अमरूद	खंभा

'तो' यह सर्वनाम जिस तरह पुरुष के पहले लगा है उसी तरह उपरोक्त अन्य संज्ञाओं के पहले भी लग सकता है ।

स्त्रीलिंग

जिस नाम से स्त्रीजाति का ज्ञान हो अथवा जिस संज्ञा के पहले 'ती' यह सर्वनाम लग सके उस संज्ञा को स्त्रीलिंग समझना चाहिए; जैसे—

ती बायको	गाय	घोडी	चिंच	दऊत	लेखणी.
वह औरत	गाय	घोड़ी	इमली	दावात	कलम

स्त्रीलिंग वाचक प्रत्येक शब्द के पहले (ती) यह सर्वनाम 'ती बायको' की तरह लग सकता है ।

उच्चारण—*घोड़ा.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

नपुंसकलिंग

जिस नाम से पुरुष अथवा स्त्री जाति का ज्ञान न हो अथवा जिस संज्ञा के पहले (तें) यह सर्वनाम लग सके उसे नपुंसकलिंग समझना चाहिए; जैसे—

तें मूल	पाखरूं	घर	पान	लोणी	केळें.
वह बच्चा	चिड़िया	घर	पत्ता	नेनूं (मक्खन)	केला

नपुंसकलिंग वाचक प्रत्येक शब्द के पहले (तें) यह सर्वनाम ऊपर के 'तें मूल' की तरह लगाना चाहिये।

हिन्दी में नपुंसकलिंग नहीं होता। इसलिए हिन्दी-भाषा-भाषियों को मराठी लिंग के समझने में कुछ कठिनाई अवश्य होगी। केवल अभ्यास से ही इनका परिचय हो सकता है।

मराठी में लिंगों का भेद बहुत कुछ संस्कृत के लिंग-भेद की तरह होता है। यदि संज्ञाओं के पहिले तो, ती, तें ये सर्वनाम मौजूद हों तो लिंगों का पहचानना सरल है। जिन नामों के आगे 'तो' यह सर्वनाम हो उन्हें पुल्लिंग, जिनके आगे 'ती' उन्हें स्त्रीलिंग और जिनके आगे 'तें' यह सर्वनाम लगा हो उन्हें नपुंसकलिंग समझना चाहिये; जैसे—

तो आंबा (पुल्लिंग)	ती लेखणी (स्त्रीलिंग)	तें घर (नपुंसकलिंग)
वह आम	वह कलम	वह घर

कुछ प्राणिवाचक पुल्लिंग शब्द ऐसे हैं जिनमें (ईण) प्रत्यय लगने से वे स्त्रीलिंग होजाते हैं; जैसे—

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सुतार	सुतारीण
बढ़ई	**बढ़इन**
सोनार	सोनारीण
सुनार	**सुनारिन**
वाघ	वाघीण
शेर	**शेरनी**
सिंह	सिंहीण
सिंह	**सिंहिनी**

कुछ शब्द या संज्ञायें पुल्लिंग आकारान्त हैं, उनके अंतिम आ के स्थान पर (ई) प्रत्यय लगाने से स्त्रीलिंग और (एं) प्रत्यय लगाने से नपुंसकलिंग का ज्ञान होता है; जैसे—

पु०	स्त्री०	नपुं०
मुलगा	मुलगी	मुलगें
लड़का	**लड़की**	**बच्चा**
कुत्रा	कुत्री	कुत्रें
कुत्ता	**कुतिया**	**कुत्ता**
कोल्हा	कोल्ही	कोल्हें
लोमड़ा	**लोमड़ी**	**लोमड़ा**
बकरा	बकरी	बकरें
बकरा	**बकरी**	**बकरे**

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

नपुंसक लिंग वाले शब्द से स्त्री या पुरुष का ज्ञान नहीं होपाता, इसलिये ऐसे शब्द से पुल्लिंग या स्त्रीलिंग कुछ भी समझ सकते हैं। जैसे 'मुलगें' इसके अर्थ बच्चा या बच्ची दोनों हो सकते हैं। ऐसे ही औरों को भी समझना चाहिए।

वचन विचार

वचन दो होते हैं—एकवचन और अनेकवचन अथवा बहुवचन।

एकवचन

जिस संज्ञा से एक संख्या का बोध होता है उसे एकवचन कहते हैं; जैसे—

मुलगा	पागोटं	केळं
लड़का	पगड़ी	केला

बहुवचन

जिस संज्ञा की संख्या एक से अधिक हो उसे बहुवचन कहते हैं; जैसे—

मुलगे	पागोटीं	पायऱ्या
लड़के	पगड़ियां	सीढ़ियां
खुर्च्या	नारिंगें	वाटा
कुर्सियां	नारंगियाँ	रास्ते

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कुछ शब्द ऐसे हैं जिनका रूप एकवचन और बहुवचन दोनों में एकसा ही रहता है, और कुछ ऐसे हैं जिनमें थोड़ासा फेरफार होता है; जैसे—

पुल्लिंग में

एकवचन		बहुवचन	
खांब	खंभा	खांब	खंभे
वाघ	शेर	वाघ	कई शेर
सुतार	बढ़ई	सुतार	बढ़ई लोग
झाड*	पेड़	झाडें	पेड़
करडूं†	बकरी का बच्चा	करडें	बकरीके बच्चे
तेली	तेली	तेली	तेली लोग
काका	चाचा	काका	(तिरस्कार में काकें) चाचालोग
मामा	मामा	मामा	(„ „ मामें) मामा लोग
न्हावी	नाई	न्हावी	नाई लोग
कोळी	मकड़ी	कोळी	मकड़ियां
पेरू	अमरूद	पेरू	अमरूद
जागा§	जगह	जागा	जगहें
कवि*	कविता करने वाला	कवि	कविता करने वाले

उच्चारण—*झाड़ †करड़ू §ज़ागा ।

*कवि, रवि, रुचि, भानु, गुरु आदि ह्रस्व इकारान्त या ह्रस्व उकारान्त जब मराठी में लिखे या बोले जाते हैं तब एकवचन और बहुवचन में समान रूप से लिखे जाते हैं तथा उनका उच्चारण कवी, रवी, रुची, भानू, गुरू, आदि दीर्घ होता है तथा दीर्घ ही लिखे भी जाते हैं ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

स्त्रीलिंग में

एकवचन		बहुवचन	
बायको	स्त्री	बायका	स्त्रियां
जाऊ	देवरानी या जेठानी	जावा	देवरानियां या जेठानियां
आत	बुवा	आता	बुवायें
सून	बहू	सुना	बहुवें
फट्ऽ	संधि	फटी	संधें
पागा	मुहल्ला	पागा	मुहल्ले
चुलती+	चाची	चुलत्या	चाचियां
सासू	सास	सास्वा	सासें
नदी	नदी	नद्या	नदियां
शेळी	बकरी	शेळ्या	बकरियां
भिंत	दीवाल	भिंती	दीवालें
परात	बड़ी थाली	पराती, पराता	बड़ी थालियां
पाटी	तख्ती	पाट्या	तख्तियां
लेखणी	कलम	लेखण्या	कलमें
पुस्तक	किताब	पुस्तकें	किताबें
मांजर*	बिल्ली	मांजरी	बिल्लियां
काठी	लकड़ी	काठ्या	लकड़ियां

उच्चारण—ऽफ़ट, +चुलती, *मांज़र

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

नपुंसकलिंग में

एकवचन		बहुवचन	
देऊळ	मंदिर	देऊळें	मंदिरें
मिरें	कालीमिर्च	मिऱ्यें	कालीमिर्चें
कुलूप	ताला	कुलुपें	ताले
दार	दरवाज़ा	दारें	दरवाज़े
वासरूं	बछड़ा	वासरें	बछड़े
पाखरूं	चिड़िया	पाखरें	चिड़ियां
घर	घर	घरें	कई घर
पोर	बच्चा	पोरें	बच्चे
तळें	तालाब	तळीं	कई तालाब
घड्याळ	घड़ी	घड्याळें	घड़ियां

जिस नाम (संज्ञा) का उपांत्य अर्थात् अन्तिम वर्ण के पहिले का स्वर, दीर्घ ईकार अथवा दीर्घ ऊकार होता है; अनेक वचन में उस उपांत्य दीर्घ स्वर का ह्रस्व होजाता है; अथवा कहीं कहीं उस उपान्त्य के स्थान पर 'अ' यह आदेश होजाता है; जैसे—

एकवचन	बहुवचन
कोशिंबीर	कोशिंबिरी,
रायता	रायते
वटीक	वटिकी, वटकी
दासी	दासियां

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कुंभारीण	कुंभारिणी, कुंभारणी
कुम्हारिन	कुम्हारिनें

यदि उपान्त्य स्वर केवल दीर्घ 'ई' अथवा 'ऊ' हुआ तो विकल्प से 'ई' के स्थान पर 'य' और 'ऊ' के स्थान पर 'व' का आदेश होता है; जैसे—

एकवचन	बहुवचन
ताईत	ताइती, तायती
तावीज़	तावीज़ें
कऊल	कउलें, कवलें
खपरा	खपरे

विभक्ति विचार

विभक्तियां आठ होती हैं और जब किसी भी नाम का दूसरे नाम से अथवा क्रिया से संबंध दिखाना होता है तो उस नाम (संज्ञा) में नीचे लिखी आठ विभक्तियों में से किसी भी एक विभक्ति का प्रत्यय लगाते हैं :—

विभक्ति. एकवचन का प्रत्यय. बहुवचन का प्रत्यय.

प्रथमा. (प्रथमा विभक्ति के एकवचन और बहुवचन में अधिकतर नाम के मूल का रूप वैसाही रहता है)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

द्वितीया.	स, ला. को।	स, ला, न. को।
तृतीया.	नें. से, या के द्वारा।	नीं. से, या के द्वारा।
चतुर्थी.	स, ला. को, के लिए।	स, ला, ना. को, के लिए।
पंचमी.	ऊन, हून. से।	ऊन, हून. से।
षष्ठी.	चा (पु०), ची (स्त्री), चें (नपुं). का–के, की,	चा(पु०),ची(स्त्री),चें(नपुं.) का–के, की,
सप्तमी.	आंत. में, पर।	आंत. में, पर।
संबोधन.	×	नो. (ओ)

(संज्ञा के अन्तिम स्वर के अनुसार सम्बोधन के रूप जुदा जुदा होते हैं। बहुवचन में इसका रूप 'नो' होता है।)

संज्ञा के आगे प्रत्यय लगा कर विभक्ति के रूप नीचे लिखे अनुसार होते हैं :—

विभक्ति.	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा—	बाघ. शेर	बाघ. शेर

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

द्वितीया—वाघास-ला.	वाघांस-ला-ना.
शेर को	शेरों को
तृतीया—वाघानें.	वाघांनीं.
शेर से	शेरों से
चतुर्थी—वाघास-ला.	वाघांस-ला-ना.
शेर को।	शेरों को।
पंचमी—वाघाऊन-हून.	वाघांऊन-हून.
शेर से	शेरों से
षष्ठी—वाघाचा(पु), ची (स्त्री), चें(नपुं)	वाघांचा—ची—चें.
शेरका—के, शेरकी,	शेरोंका—के-की.
सप्तमी—वाघांत.	वाघांत.
शेर में, शेर पर।	शेरों में, शेरों पर।
संबोधन—वाघा	वाघांनों.
हे शेर!	हे शेरो!

कुछ शब्द ऐसे हैं जिनके आगे विभक्ति लगने से उनका अंत्याक्षर बदल जाता है; जैसे—

घोडा=घोड्यास-ला (घोड़े को)

रवि=रवीस-ला (सूर्य को)

विभक्तियों के अर्थ का बोध कराने वाले अव्यय।

विभक्तियों के अर्थ बताने वाले कुछ अव्यय, जो मराठी भाषा में ज्यादा आते हैं, नीचे दिये जाते हैं। इनको ध्यान में अवश्य रखना चाहिये।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

विभक्ति. अव्यय.

द्वितीया—प्रत, लागीं.
को।

उदाहरण

पुरुषाप्रत, पुरुषालागीं.
पुरुष को, पुरुष को।

तृतीया—द्वारें, मुळें, कडून.
द्वारा, कारण, तरफसे।

उदाहरण

त्याच्याद्वारें, पुरुषामुळें. पुरुषाकडून.
उसके द्वारा, पुरुष के कारण पुरुष की तरफसे।

चतुर्थी—कारणें, करितां, साठीं, स्तव.
कारण से, लिए, लिए, वास्ते।

उदाहरण

पुरुषाकारणें, पुरुषाकरितां, पुरुषासाठीं, पुरुषास्तव.
पुरुषकेकारण, पुरुषकेलिये, पुरुषकेलिये, पुरुषकेलिये।

पंचमी—पेक्षां, पासून, कडून, वरून.
अपेक्षा वनिस्वत पास से पर से।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

उदाहरण

पुरुषां पेक्षां,	पुरुषापासून,	पुरुषाकडून,	पुरुषावरून.
पुरुषके बनिस्बत,	पुरुषके पाससे,	पुरुषके पाससे,	पुरुष परसे,

षष्ठी—संबंधीं.

उदाहरण

पुरुषासंबंधीं.

पुरुष के संबंध में या पुरुष के संबंध का।

सप्तमी—मध्यें, ठायीं, विषयीं.

उदाहरण

पुरुषामध्यें,	पुरुषाच्याठायीं,	पुरुषाविषयीं.
पुरुष में,	पुरुष के स्थान में,	पुरुष के विषय में।

	एकवचन.	बहुवचन.
संबोधन—	ए, अरे, अगा, अगे.	अहो.
	ए, अरे, अरे, अरी.	अरेहो।

उदाहरण

अरे पुरुषा,	ए मुला,	अगा देवा,	अगे लक्ष्मी.	अहो मुलांनों.
अरे पुरुष,	ए बच्चे,	हे देवता,	अरी लक्ष्मी।	अरे बच्चो।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सर्वनामविचार

संज्ञा (नाम) का उच्चारण बारम्बार न हो इस लिए जिन शब्दों का प्रयोग संज्ञा के बदले होता है उसे सर्वनाम कहते हैं; जैसे—

मी	तूं	तो	हा	जो.
मैं	तू	वह	यह	जो.

उदाहरण

हरीचा एक कुत्रा आहे. हरीला कुत्रा फार आवडतो. हरी कुत्र्याला बरोबर घेऊन नदीचा वाळवंटावर जातो. तेथें हरी कुत्र्यावरोबर खेळतो. हरी आणि हरीचा कुत्रा हे मित्र आहेत.

(हरी का एक कुत्ता है। हरी को कुत्ता बहुत पसन्द है। हरी कुत्ता को साथ लेकर नदी के रेतीले मैदान में जाता है। वहां हरी कुत्ते के साथ खेलता है। हरी और हरी का कुत्ता ये मित्र हैं।)

ऊपर के वाक्यों में हरी और कुत्ता बारंबार आये हैं जो कानों को अच्छे नहीं मालूम होते अतः, इन वाक्यों को नीचे लिखे अनुसार लिखना और बोलना चाहिए;—

हरीचा एक कुत्रा आहे. तो त्याला फार आवडतो. तो त्याला बरोबर घेऊन नदीच्या वाळवंटावर जातो. तेथें तो त्याबरोबर खेळतो. ते दोघे मित्र आहेत.

(हरी का एक कुत्ता है। वह उसको बहुत पसन्द है। वह उसको साथ लेकर नदी के रेतीले मैदान में जाता है। वहां वह उसके साथ खेलता है। वे दोनों मित्र हैं।)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

इसमें हरी और कुत्रा इनके लिए अलग अलग 'तो' और दोनों के लिए 'ते' सर्व नाम आये हैं।

सर्वनाम के पांच भेद होते हैं :— १—पुरुष, २—दर्शक, ३—सम्बन्धी, ४—प्रश्नार्थक और ५—सामान्य.

(१) पुरुष सर्वनाम

जिन सर्वनाम शब्दों का प्रयोग तीनों पुरुषों में होता है उन्हें पुरुष सर्वनाम कहते हैं।

पुरुष सर्वनाम के तीन पुरुष होते हैं :— १—प्रथम पुरुष (या उत्तम पुरुष), २—द्वितीय पुरुष (या मध्यम पुरुष), ३—तृतीय पुरुष (या अन्य पुरुष)।

	एकवचन.	बहुवचन.
प्रथम पुरुष.	मी मैं	आह्मी. हम
द्वितीय पुरुष.	तूं तू	तुह्मी. तुम
तृतीय पुरुष.	तो (पु.), ती(स्त्री),तें(नपुं) वह वह वह	ते(पु.),त्या (स्त्री.),तीं(नपुं.) वे वे वे

(२) दर्शक सर्वनाम

जो सर्वनाम पास या दूर के पदार्थ का बोध करावे उसे दर्शक सर्वनाम कहते हैं; जैसे—

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

तो घोडा,	हा घोडा,	इतका,	एवढा,
वह घोड़ा	यह घोड़ा	इतना	इतना
असा,	तितका,	तेवढा,	तसा.
ऐसा	उतना	उतना	वैसा

मराठी में हा (यह) और तो (वह) इन सर्वनामों का स्त्रीलिंग में 'ही' 'ती' और नपुंसक लिंग में 'हें' 'तें' रूप होते हैं।

हे, ते, (ये, वे) इन सर्वनामों का स्त्रीलिंग के बहुवचन में ह्या, (ये), त्या (वे), और नपुंसक लिंग में हीं, तीं, (ये, वे) ऐसे रूप होते हैं।

(३) सम्बन्धवाचक सर्वनाम

जिस सर्वनाम से सम्बन्ध जाना जाता है उसे सम्बन्धवाचक सर्वनाम कहते हैं; जैसे—

जो,	जितका,	जेवढा,	जसा.
जो–जिसने,	जितना,	जितना,	जैसा.

इनका सम्बन्ध;

तो,	तितका,	तेवढा,	तसा.
वह,	उतना,	उतना,	वैसा.

इन दर्शक सर्वनामों से होता है; जैसे—

जसा तो आंबा आहे तसा मी घेईन.

जैसा वह आम है वैसा मैं लूंगा।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

(४) प्रश्नार्थक सर्वनाम

जिस सर्वनाम से प्रश्न जाना जाता है उसे प्रश्नार्थक सर्वनाम कहते हैं; जैसे—

कोण,	कोणतीं,	काय,	कसें,	केवढें.
कौन ?	कौनसी ?	क्या	कैसे ?	कितना ?

(५) सामान्य सर्वनाम

जिस सर्वनाम का अर्थ सामान्य रूप से होता है उसे सामान्य सर्वनाम कहते हैं; जैसे—

कोणी,	अमका,	सर्व,	अवघा,	मलता,	कितीपक.
किसीने,	अमुक,	सब,	सब,	दूसराही,	कितनेही.

सर्वनामों में भी संज्ञाओं की तरह विभक्तियां लगती हैं और विभक्तियों के योग से सर्वनामों के रूप बदल जाते हैं। इन रूपों के समझने में पाठकों को कठिनता पड़ती है इसलिए नीचे कुछ सर्वनाम विभक्ति लगाकर दिखाये जाते हैं :—

(१) प्रथमपुरुष सर्वनाम 'मी' (तीनों लिंगों में)

विभक्ति.	एकवचन.	बहुवचन.
प्रथमा.	मी	आम्ही.
	मैं	हम
द्वितीया.	मला, मजला, मातें.	आम्हांस, आम्हांला, आम्हांतें.
	मुझको, मेरेलिए, मुझे.	हमको, हमारेलिए, हमें.
तृतीया.	मशीं, मजशीं.	आम्हांशीं.
	मुझसे	हमसे.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

चतुर्थी.	मला, मजला, मातें.	आम्हांस, आम्हांला, आम्हांतें.
	मुझको, मुझे, मेरे लिए.	हमको, हमें, हमारे लिए.
पञ्चमी.	मजहून.	आम्हांहून.
	मुझ से.	हम से.
षष्ठी.	माझा(पु),माझी(स्त्री),माझें(नपुं.)	आमचा(पु.),आमची.(स्त्री)आमचें(नपुं)
	मेरा, मेरी, मेरा.	हमारा, हमारी, हमारा
सप्तमी.	माझ्यांत.	आमच्यांत.
	मुझ में.	हम में.

संबोधन. (सर्वनाम के साथ संबोधन नहीं होता, तथापि कहीं कहीं अरे तूं (अरे तू), अरे ह्या (अरे यह), अरे त्या (अरे वह; स्त्री) आदि प्रयोग करते हैं ।)

(२) द्वितीयपुरुष सर्वनाम 'तूं' (तीनों लिंगों में)

	एकवचन.	बहुवचन.
प्रथमा.	तूं	तुम्हीं
	तू	तुम
द्वितोया.	तूस, तुला, तुजला, तूतें.	तुम्हांस, तुम्हांला, तुम्हांतें.
	तुझ को, तेरे लिए.	तुमको, तुम्हारे लिए.
तृतीया.	तुशीं, तुजशीं.	तुम्हांशीं.
	तुझ से.	तुमसे.
चतुर्थी.	तुला, तुजला.	तुम्हांस, तुम्हांला, तुम्हांतें.
	तुझको, तेरे लिए.	तुमको, तुम्हारे लिए.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पञ्चमी.	तुजहून.	तुम्हांहून.
	तुझ से.	तुम से.
षष्ठी.	तुझा(पु),तुझी(स्त्री),तुझें(नपुं).	तुमचा(पु),तुमची(स्त्री),तुमचें(नपुं).
	तेरा, तेरी, तेरा.	तुम्हारा, तुम्हारी, तुम्हारा.
सप्तमी.	तुझ्यांत.	तुम्हांत.
	तुझ में.	तुम में.

(३) दर्शक सर्वनाम 'तो' (पुल्लिंग में)

	एकवचन.	बहुवचन.
प्रथमा.	तो.	ते.
	वह	वे
द्वितीया.	तो,त्यास,त्याला,त्याजला,त्यातें.	ते,त्यांस,त्यांला,त्यांजला,त्यांतें,त्यांना.
	उसको.	उनको.
तृतीया.	त्याशीं, त्याजशीं.	त्यांशीं, त्यांजशीं.
	उसने	उन्होंने
चतुर्थी.	त्यास, त्याला, त्याजला, त्यातें.	त्यांस, त्यांला, त्यांजला, त्यांतें, त्यांना.
	उसको.	उनको.
पञ्चमी.	त्याहून, त्याजहून.	त्यांहून, त्यांजहून.
	उससे.	उनसे.
षष्ठी.	त्याचा.	त्यांचा.
	उसका.	उनका.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सप्तमी.	त्यांत, त्यांच्यांत.	त्यांत, त्यांच्यांत.
	उसने.	उनने.

(४) दर्शक सर्वनाम 'ती' (स्त्रीलिंग में)

	एकवचन.	बहुवचन.
प्रथमा.	ती.	त्या.
	वह (स्त्री)	वे (स्त्रियां)
द्वितीया.	ती, तिला, तिजला, तीस, तीतें.	त्या, त्यांला, त्यांजला, त्यांस, त्यांतें, त्यांना.
	उसको.	उनको.
तृतीया.	तिशीं, तिजशीं.	त्यांशीं, त्यांजशीं.
	उसने.	उन्होंने.
चतुर्थी.	तीस, तिजला, तिला, तीतें.	त्यांस, त्यांला, त्यांजला, त्यांतें, त्यांना.
	उसको, उसके लिए.	उनको, उनके लिए.
पञ्चमी.	तिहून, तीहून, तिजहून.	त्यांहून, त्यांजहून.
	उससे.	उनसे.
षष्ठी.	तिचा, तिची.	त्यांचा, त्यांची.
	उसका, उसकी.	उनका, उनकी.
सप्तमी.	तींत, तिच्यांत.	त्यांत, त्यांच्यांत.
	उसमें	उनमें

(५) दर्शक सर्वनाम 'तें' (नपुंसक लिंग में)

	एकवचन.	बहुवचन.
प्रथमा.	तें.	तीं.
	वह.	वे

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

	एकवचन.	बहुवचन.
द्वितीया.	तें, त्यास, त्याला, त्याजला. त्यातें.	तीं, त्यांस, त्यांला, त्यांजला, त्यांतें, त्यांना.
	उसको.	उनको.

आगे के रूप 'तो' के रूपों की तरह होते हैं।

(६) दर्शक सर्वनाम 'हा' (पुल्लिंग में)

	एकवचन.	बहुवचन.
प्रथमा.	हा.	हे.
	यह.	ये.
द्वितीया.	हा, ह्यास, ह्याला, ह्याजला, ह्यातें, यास, याला, याजला, यातें.	हे, ह्यांस, ह्यांला, ह्यांजला, ह्यांतें, ह्यांना, यांस, यांला, यांजला, यांतें, यांना.
	इसको.	इनको.
तृतीया.	ह्यानें, ह्याशीं, ह्याजशीं, यानें, याशीं, याजशीं.	ह्यानीं, ह्यांशीं, ह्यांहीं, ह्यांजशीं, यांनीं, यांहीं, यांशीं, यांजशीं.
	इसने	इन्होंने
चतुर्थी.	ह्यास, ह्याला, ह्याजला, ह्यातें, यास, याला, याजला, यातें.	ह्यांस, ह्यांला, ह्यांजला, ह्यांतें, ह्यांना, यांस, यांला, यांजला, यांतें, यांना.
	इसको, इसकेलिए.	इनको, इनके लिए.
पञ्चमी.	ह्याहून, ह्याजहून, याहून, याजहून.	ह्यांहून, ह्यांजहून, यांहून, यांजहून.
	इस से.	इन से.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

षष्ठी.	ह्याचा, याचा.	ह्यांचा, यांचा.
	इसका.	इनका

(७) दर्शक सर्वनाम 'ही' (स्त्रीलिंग में)

	एकवचन.	बहुवचन.
प्रथमा.	ही.	ह्या, या.
	यह (स्त्री)	ये (स्त्रियां)
द्वितीया.	ही, हीस, हिला, हिजला, हीतें, ईस, इला, इजला, ईतें.	ह्या, ह्यांस, ह्यांला, ह्यांजला, ह्यांतें, ह्यांना, या, यांस, यांला, यांजला, यांतें, यांना.
	इसको.	इनको.
तृतीया.	हिनें, हिशीं, हिजशीं, इनें, इशीं, इजशीं.	ह्यांनीं, ह्यांहीं, ह्यांजशीं, ह्यांशीं, यांनीं, यांहीं, यांजशीं, यांशीं.
	इसने.	इन्हों ने.
चतुर्थी.	हीस, हिला, हिजला, हीतें, ईस, इला, इजला, ईतें.	ह्यांस, ह्यांला, ह्यांजला, ह्यांतें, ह्यांना, यांस, यांला, यांजला, यांतें, यांना.
	इसको, इसकेलिए.	इनको, इनके लिए.
पञ्चमी.	हिहून, हीहून, हिजहून, इहून, ईहून, इजहून.	ह्यांहून, ह्यांजहून, यांहून, यांजहून,
	इस से	इन से
षष्ठी.	हिचा, इचा.	ह्यांचा, यांचा.
	इसका.	इनका.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

(८) दर्शक सर्वनाम 'हें' (नपुंसकलिंग में)

	एकवचन.	बहुवचन.
प्रथमा.	हें.	हीं.
	यह.	ये.
द्वितीया.	हें.	
	इसको	

(बाक़ी रूप पुल्लिंग के 'हा' की तरह होते हैं)

(९) सम्बन्धी सर्वनाम 'जो' (पुल्लिंग में)

	एकवचन.	बहुवचन.
प्रथमा.	जो.	जे.
	जो.	जो.
द्वितीया.	जो, ज्यास, ज्याला, ज्याजला, ज्यातें.	जे, ज्यांस, ज्यांला, ज्यांजला, ज्यांतें, ज्यांना.
	जिसको.	जिनको.

(इसी तरह 'जो' के सम्पूर्ण रूप 'हा' सर्वनाम की तरह करना चाहिए.)

(१०) सम्बन्धी सर्वनाम 'जी' (स्त्रीलिंग में)

	एकवचन.	बहुवचन.
प्रथमा.	जी.	ज्या.
	जो (स्त्री).	जो (स्त्रियां.)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

द्वितीया.	{ जी, जीस, जिला, जिजला, जीतें.	{ ज्या, ज्यांस, ज्यांला, ज्यांजला, ज्यांतें, ज्यांना.
	जिसको.	जिनको.

(इसी तरह बाकी सब रूप 'ही' की तरह होते हैं)

(११) सम्बन्धी सर्वनाम 'जें' (नपुंसकलिंग में)

(इस के रूप 'हें' और 'जो' सर्वनामों की तरह होते हैं)

(१२) प्रश्नार्थक सर्वनाम 'कोण' (तीनों लिंगों में)

	एकवचन.	बहुवचन.
प्रथमा.	कोण.	कोण.
	कौन.	कौन.
द्वितीया.	{ कोण, कोणास, कोणाला, कोणातें.	{ कोण, कोणांस, कोणांला, कोणांतें.
	किसको.	किनको.
तृतीया.	कोणीं, कोणाशीं.	कोणीं, कोणांशीं.
	किसने.	किन्होंने.

(इसी तरह अन्य रूप भी होते हैं। 'कोण' इसका प्रथमा और द्वितीया में 'कोणी' भी होता है)

मराठी में 'आपण' एक सर्वनाम है, जिसका अर्थ होता है 'मी' अर्थात् मैं। इसे बोलने वाला स्वयं अपने लिए उपयोग करता है; जैसे—'आपण (मी) उद्यां येणार नाहीं.' अर्थात् 'अपन (मैं स्वयं) सुबह आने वाला नहीं' अथवा मैं सुबह न आऊंगा। इसी तरह इसका उपयोग बोलने वाला दूसरे के भी लिए

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

करता है; जैसे—'तूं आपल्या (तुझ्या) घरीं जा.' अर्थात् 'तू अपने घर जा।'

विशेषण विचार।

विशेषण.

जो शब्द संज्ञा का गुण अथवा संख्या बतलाता है, उसे विशेषण कहते हैं; जैसे—

बरा,	वाइट,	काळा,	शाहणा,	गोरा,	मूर्ख.
अच्छा,	बुरा,	काला,	होशियार,	गौरवर्ण,	मूर्ख.
कडक,	फार,	वाटोळा,	चांगला,	तिखट,	सरळ.
तेज़,	अधिक,	गोल,	अच्छा,	कड़ुवा,	सीधा.

विशेष्य.

जिस संज्ञा का गुण विशेषण बतलाता है, वह संज्ञा उस विशेषण की विशेष्य होती है; जैसे—

विठू शाहणा आहे,	कुशी हट्टी नाहीं,	पांढरें स्वच्छ धोतर आण.
विठू होशियार है,	कुशी हठीली नहीं है,	सफेद साफ धोती ला.

इनमें विठू, कुशी और धोतर ये विशेष्य हैं; शाहणा, हट्टी, पांढरें, विशेषण हैं। मराठी में विशेष्य के लिंग और वचन के अनुसार विशेषण के भी रूप बदल जाते हैं; जैसे—

शाहणा मुलगा,	शाहणी मुलगी,	शाहण्या मुलीं,
होशियार लड़का,	होशियार लड़की,	होशियार लड़कियां,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

शाहणें मुलों,	शाहणीं मुलें.
होशियार लड़के,	होशियार बच्चे.

यदि विशेषण का रूप सविभक्तिक हुआ तो उसके विशेष्य को वह विभक्ति न लग कर केवल उसका सामान्य रूप होता है; जैसे—

शाहण्या मुलास.	शाहण्या अथवा शाहणे मुलीचा.
होशियार लड़के को.	होशियार लड़की का.

संख्या विशेषण.

संख्या बतलाने वाले शब्दों को संख्या विशेषण कहते हैं; जैसे—

एक	दोन	पांच	सहा	नऊ	दहा	शंभर.
एक	दो	पांच	छै	नौ	दश	सौ.

संख्या विशेषण के तीन भेद होते हैं। १—क्रमवाचक संख्या विशेषण, २—संख्यांशवाचक, और ३—आवृत्तिवाचक.

क्रमवाचक संख्याविशेषण.

क्रमवाचक संख्या विशेषण वे हैं जो संख्यार्थं बतलाते हैं; जैसे—

दहावा	शंभरावा	अकरावा	विसावा	पन्नासावा	नव्वदावा.
दसवां	सवां	ग्यारहवां	बीसवां	पचासवां	नव्वेवां.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

संख्यांशवाचक विशेषण.

संख्यांश वाचक विशेषण वे हैं जो संख्या के अंश बतलाते हैं; जैसे—

अर्धा	पाव	पाऊण	दीड	अडीच	साडेसात.
आधा	पाव	पौन	डेढ़	अढ़ाई	साढ़ेसात.

आवृत्तिवाचक संख्याविशेषण.

आवृत्तिवाचक संख्याविशेषण वे हैं जो आवृत्ति (कितने गुना, परत, तह) बतलावें; जैसे—

दुप्पट	तिप्पट	चौपट	दसपट	शतगुणित.
दुहरा	तिहरा	चौपर्त	दसपर्त	सौगुना.

क्रियापद विचार।

क्रियापद.

जिस शब्द के योग से किसी भी क्रिया अथवा स्थिति का ज्ञान होता है उसे क्रियापद जानना चाहिये; जैसे—

करणें,	बोलणें,	असणें,	निजणें.
करना,	बोलना,	होना,	सोना.

क्रियापद के आठ भेद होते हैं। उनमें उनके अर्थ पर से पांच; १—सकर्मक, २—अकर्मक, ३—उभयविध, ४—भावकर्तृक, ५—सहाय, और उनके रूप पर से तीन; १—शक्य, २—प्रयोजक, ३—गौण, अथवा सिद्ध.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

(१) सकर्मक क्रिया.

जिस क्रियापद का व्यापार अथवा सम्बन्ध कर्ता से निकल कर दूसरे पदार्थ पर पड़ता है, उसे सकर्मक क्रियापद कहते हैं; जैसे—

रामा पोथी वाचतो=(रामा पोथी बांचता है) इस में बांचना इस क्रिया का सम्बन्ध राम से निकल कर पोथी पर पड़ा, इस लिये वाचतो यह सकर्मक क्रियापद है। इसी तरह—

करितो,	मारितो,	लिहितो,	खातो,	जोडितो,	फोडितो.
करता है,	मारता है,	लिखता है,	खाता है,	जोड़ता है,	फोड़ता है.

इत्यादि सकर्मक क्रियापद हैं।

किसी क्रिया का सम्बन्ध कर्म से निकल कर जिस दूसरे पदार्थ पर घटित होता है वह उस क्रियापद का कर्म है, और जिससे वह संबंध निकलता है उसे कर्ता कहते हैं; जैसे—रामा पोथी वांचतो (रामा पोथी बांचता है) इस में रामा से बांचने की क्रिया निकल कर पोथी पर घटित हुई, इस लिये रामा यह वाचतो इस क्रिया का कर्ता हुआ और पोथी यह कर्म हुआ.

(२) अकर्मक क्रिया.

जिस क्रिया को इस तरह का कर्म नहीं होता अर्थात् जिस क्रिया का संबंध कर्ता पर ही होता है उसे अकर्मक क्रिया कहते हैं। जैसे राम निजतो (राम सोता है) इस में सोने का संबंध राम से ही है, इसलिये निजतो यह अकर्मक क्रिया है। इसी तरह धांवतो (दौड़ता है), उठतो (उठता है), असतो (रहता है) इत्यादि में केवल स्थिति का ही बोध होता है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सकर्मक और अकर्मक क्रियापद के पहिचानने की सरल रीति यह है कि जिस के भविष्यकाल, तृतीय पुरुष, अथवा एक वचन में 'ईल' प्रत्यय लगता है वह सकर्मक और जिस में 'एल' प्रत्यय लगता है वह अकर्मक क्रियापद है। जैसे—

करील,	मारील,	लिहील,	वाचील.
करेगा,	**मारेगा,**	**लिखेगा,**	**बांचेगा.**

इत्यादि सकर्मक क्रियापद हैं; और—

असेल,	निजेल,	फुटेल,	हंसेल.
होगा,	**सोवेगा,**	**फूटेगा,**	**हंसेगा.**

इत्यादि अकर्मक क्रियापद हैं।

धातु.

क्रियापद के मूल रूप को धातु कहते हैं।

(३) उभयविध.

कितने ही धातु अकर्मक और सकर्मक दोनों ही होते हैं, उनको उभयविध धातु कहते हैं; जैसे—मोडणें (तोड़ना). इसका सकर्मक उदाहरणः—त्याणें आपलें घर मोडिलें (उसने अपना घर नष्ट किया), और अकर्मक उदाहरणः—त्याचें घर मोडलें (उस का घर नष्ट हुआ), इसी तरह उघडणें (खोलना), झांकणें (ढांकना) इत्यादि।

(४) भावकर्तृक.

अकर्मक क्रियापद होकर जहां क्रिया का भाव अर्थात् मूल अर्थ ही कर्ता होता है और जिसका प्रयोग केवल तृतीय

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पुरुष, एकवचन में होता है, वहां वह भावकर्तृक क्रियापद समझना चाहिये; जैसे—

कळमळतें,	सांजावलें,	फावलें.
दर्द होता है,	शाम हुई-होगई,	फला, होसका, बना.

(५) सहाय.

जो क्रियापद धातु के रूप से जोड़ देने पर उसका काल और अर्थ बदल देता है उसे सहाय क्रियापद कहते हैं; जैसे—

अस,	नस,	हो,	जा,	ये,	दे.
होना,	न होना,	हो,	जाओ,	आओ,	दे.

लाग,	बस,	पाहिजे,	नको,	नये,	नलगे.
तक,	बस,	चाहिये,	नहीं चाहिये,	नहीं चाहिये,	ज़रूरत नहीं.

(१) शक्य क्रियापद.

जिस क्रियापद के रूप में शक्ति का अर्थ होता है वह शक्य क्रियापद है; जैसे—हें काम माझ्यानें करवतें=(यह काम मुझ से करते बनता है), इसमें काम करने की मुझ में शक्ति है ऐसा अर्थ होता है। इसी तरह—

देववतें,	घेववतें,	जाववतें.
देते बनता है,	लेते बनता है,	जाते बनता है.

(२) प्रयोजक क्रियापद.

मूल का कर्ता एक होकर जब मूल धातु को प्रत्यय लग कर दूसरे से कोई क्रिया घटित कराने का अर्थ उत्पन्न होता है, उस क्रियापद को प्रयोजक क्रियापद कहते हैं; जैसे—

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

रामा गोपाळाकडून तें काम करवितो. (गोपाल से राम वह काम करवाता है), इसमें करवितो यह प्रयोजक क्रियापद है। इसी तरह—

नेसवितो,	लिहवितो,	मारवितो.
पहनवाता है,	लिखवाता है,	पिटवाता है.

इसके मूल धातु में 'विवणें' अथवा 'इवणें' ये प्रत्यय लगते हैं। अगर मूल धातु एकाक्षरी हुआ तो 'विवणें' प्रत्यय लगता है; जैसे—

खाविवणें,	गोविवणें,	नेविवणें,	घेविवणें.
खिलवाना,	गुहवाना,	लिवालेजाना,	लिवाना.

और अनेकाक्षरी धातु हुआ तो 'इवणें' प्रत्यय लगता है; जैसे—

करिवणें,	बोलिवणें,	बदलिवणें.
करवाना,	बुलवाना,	बदलवाना.

(३) गौण अथवा सिद्ध क्रियापद.

सहाय धातु में से जिनके रूप मूल से सिद्ध होते हैं और जो केवल निश्चित काल में और निश्चित पुरुष में साधित होते हैं उनको 'गौण' अथवा सिद्ध क्रियापद कहते हैं; जैसे—

पाहिजे,	नको,	नलगे.	नये.
चाहिये,	नहीं चाहिये,	जरूरत नहीं,	नहीं.

———

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

काळविचार (कालविचार)

क्रियापद के जिस रूप से यह ज्ञात हो कि वह अमुक काल में घटित हुई है उसे काळ कहते हैं। मुख्य काल तीन हैं; १—वर्तमान, २—भूत, ३—भविष्य। इन में से प्रत्येक के कई भेद भी होते हैं।

वर्तमानकाल

जो इस समय चल रहा है उसे वर्तमानकाळ कहते हैं; जैसे—

मी करितों, तो जातो, मी येते, त्यामुली उड्या मारितात.

मैं करता हूँ, वह जाता है, मैं आती हूँ, वह लड़की दौड़ रही है.

भूतकाल

जो गुज़र गया अर्थात् व्यतीत हो गया उसे भूतकाळ कहते हैं; जैसे—

म्यां केलें, तो गेला, तिणें पाहिलें, त्या मुलींनीं चित्रें काढिलीं.

मैंने किया, वह गया, उस (स्त्री) ने देखा, उन लड़कियों ने चित्र बनाये।

भविष्यकाल

आगे आने वाले को भविष्यकाळ कहते हैं; जैसे—

मी करीन, तो जाईल, ती पाहील, त्या मुली खेळतील.

मैं करूंगा, वह जायगा, वह (स्त्री) देखेगी, वे लड़कियां खेलेंगी.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

वर्तमानकाल के भेद.

वर्तमानकाळ के तीन भेद होते हैं। १—वर्तमान २—अपूर्ण वर्तमान, ३—रीतिवर्तमान

उदाहरण.

१—वर्तमान—मी करितों (मैं करता हूँ)

२—अपूर्ण वर्तमान—मी करीत आहें, मी करितों आहें (मैं कर रहा हूँ)

३—रीति वर्तमान—मी करीत असतों (मैं करता रहता हूँ)

भूतकाल के भेद.

भूतकाल के सात भेद होते हैं—भूत, वर्तमानभूत, भूतभूत, अपूर्णभूत, रीतिभूत, पूर्णभूत, और भविष्यभूत.

उदाहरण.

१—भूत—मी अथवा म्यां केलें (मैंने किया)

२—वर्तमानभूत—मी अथवा म्यां केलें आहे (मैंने किया है)

३—भूतभूत—मी अथवा म्यां केलें होतें (मैंने किया था)

४—अपूर्णभूत—मी करीतहोतों (मैं कर रहा था)

५—रीतिभूत—मी करीं अथवा करीत असें (मैं किया करता था)

६—पूर्णभूत—मी करिता झालों (मैं करता हुआ, या, मैं कर चुका)

७—भविष्यभूत—मी करणार होतों (मैं करने वाला था)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भविष्यकाल के भेद.

भविष्यकाल के पांच भेद होते हैं—भविष्य, अपूर्णभविष्य, वर्तमानभविष्य, भूतभविष्य, और भविष्यभविष्य.

उदाहरण.

१—भविष्य—मी करीन (मैं करूंगा)
२—अपूर्णभविष्य—मी करीत असेन (मैं करता हूँगा)
३—वर्तमानभविष्य—मी करणार आहें (मैं करने वाला हूँ)
४—भूतभविष्य—मी केलें असेन (मैंने किया होगा)
५—भविष्यभविष्य—मी करणार असेन (मैं करने वाला हूँगा)

पुरुष, लिंग और वचन से

वर्तमानकाल में क्रियापद के रूप.

पुल्लिंग ।

पुरुष.	एकवचन.	बहुवचन.
प्रथम.	मी करितों.	आम्हीं करितों.
	मैं करता हूँ.	हम करते हैं.
द्वितीय.	तूं करितोस.	तुम्हीं करितां.
	तू करता है.	तुम करते हो.
तृतीय.	तो करितो.	ते करितात.
	वह करता है.	वे करते हैं.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

स्त्रीलिंग में।

पुरुष.	एकवचन.	बहुवचन.
प्रथम.	मी करित्यें.	आम्हीं करितों.
	मैं करती हूँ.	हम करती हैं.
द्वितीय.	तूं करित्येस-तीस*.	तुम्हीं करितां.
	तू करती है.	तुम करती हो.
तृतीय.	ती करित्यें-ती*.	त्याकरितात.
	वह करती है.	वे करती हैं.

नपुंसकलिंग।

पुरुष.	एकवचन,	बहुवचन.
प्रथम.	मी करितें.	आम्हीं करितों.
	मैं करता-ती हूँ.	हम करते-ती हैं.
द्वितीय.	तूं करितेस.	तुम्हीं करितां.
	तू करता-तो है.	तुम करते-ती हो.
तृतीय.	तें करितें.	तीं करितात.
	वह करता-ती है.	वे करते-ती हैं.

नपुंसकलिंग के प्रथम और द्वितीय पुरुष के रूपों के प्रयोग करने का मौका नहीं पड़ता—

---

* इस दूसरे रूप 'करितीस' और 'करिती' का प्रयोग केवल देशस्थ महाराष्ट्रों में ही होता है। महाराष्ट्र में देशस्थ और कोकणस्थ ये दो भेद होते हैं।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अस, नस और हो इन सहाय धातुओं के योग से क्रियापद का काळ और रूप बदल जाता है; इसलिए अन्य कालों के रूप लिखने के पहले इन सहाय धातुओं के रूप यहां लिखे जाते हैं।

अस धातु-करण रूप, स्थार्थ.

कर्तरिप्रयोग

वर्तमानकाळ.

प्रकार १ ला.

पुरुष.	एकवचन.	बहुवचन.
प्रथम.	मी आहें. मैं हूँ.	आम्ही आहों. हम हैं.
द्वितीय.	तूं आहेस. तू है.	तुम्ही आहां-आहांत. तुम हो.
तृतीय.	तो—ती—तें आहे. वह(पु) वह(स्त्री) वह(न) है.	ते—त्या—तीं आहेत. वे(पु) वे(स्त्री) वे(न) हैं.

पुल्लिंग.

प्रकार २ रा.

पुरुष.	एकवचन.	बहुवचन.
प्रथम.	मी असतों. मैं रहता हूँ, होता हूँ.	आम्ही असतों. हम रहते हैं, होते हैं.
द्वितीय.	तूं असतोस. तू रहता है, होता है.	तुम्ही असतां. तुम रहते हो, होते हो.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

